# Macro International limited

REGISTERED OFFICE: 24/147, Ground Floor, Plaza Kalpana, Birhana Road, Kanpur -208001CORP.OFFICE:
304, 3rd Floor Babukhan Estate, Basheerbagh, Hyderabad Telangana 500001
Website: www.miel.co.in, email: meil100@rediffmail.com
Tel.: 6302730973: CIN: L74120UP1993PLC015605, SCRIP CODE: 512600,
SECURITY ID: MACINTR

---

**Date: 17/07/2023**

**To,**
**The Manager (Department of Corporate Affairs)**
**Bombay Stock Exchange Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street, Fort, Mumbai- 400001**

**<u>Ref: SCRIP CODE: 512600 SECURITY ID: MACINTR</u>**

**Sub: Submission of newspaper publication of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2023 under the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir/ Madam

With reference to above, we hereby inform you that pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI (LODR) Regulations, 2015"), the extract of the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June, 2023 has been published by the Company in 17th July, 2023 editions of "The India Hans" (English) and the "Daily Hindi Milap" (Hindi).

The relevant copies of the said newspapers are enclosed herewith.

It may be noted that the aforesaid Unaudited Financial Results for quarter and 30th June, 2023 were approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 15th July, 2023 and the Outcome of the same has already been disclosed to the Stock Exchanges on 15th July, 2023 as per Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.

Kindly take the above information on your record.

Thanking you

**For MACRO INTERNATIONAL LIMITED**
**CIN: L74120UP1993PLC015605**

Mahendra

MACRO INTERNATIONAL LTD.

**MAHENDRA KUMAR**
**(Company Secretary& Compliance Officer)**
**Membership No.: ACS71224**



> The method chosen by CM KCR's government to cheat the central government by siphoning off funds is shocking as to how the government is showing an executed work under different heads thereby promoting the fraud -Tarun Chugh

City Hans

# Preparatory works begin for Old City Metro Rail

HANS NEWS SERVICE
HYDERABAD

IN a major boost to the metro rail at Old City, the Hyderabad Metro Rail Limited (HMRL) on Sunday said the preparatory works for undertaking the prestigious metro rail project have begun.

According to the officials, in the coming month, the HMRL authorities will also issue land acquisition notices to 1,000 properties for taking up the balance work of the metro rail in the old city.

"As per the instruction by Chief Minister K Chandrasekhar Rao, preparatory works for undertaking metro rail works in the Old City have begun. The 5.5km balance Metro alignment in the Old City is from MGBS to Falaknuma via Darulshifa junction - Purani Haveli - Ettebar Chowk - Alijakotla - Mir Momin Daira - Haribowli - Shalibanda - Shamsheergunj and Aliabad. There will be 5 stations tentatively the names include Salarjung Museum, Charminar, Shalibanda, Shamsheergunj and Falaknuma. Though the metro station locations are about 500 meters away from Salarjung Museum and Charminar, these two stations are being named after them in view of their importance and pride of place in the city," stated HMRL MD NVS Reddy.




- HMRL plans to issue land acquisition notices to 1,000 properties soon
- The 5.5km balance Metro alignment will include five stations in total
- Efforts are being made to save religious and sensitive structures along the route
- Road widening at station locations will be restricted to 120 feet

There are 103 religious and other sensitive structures including 21 Masjids, 12 temples, 12 Ashoorkhanas, 33 dargas, 7 graveyards and 6 chillas in this stretch. Through engineering solutions like adjustment of curvature, viaduct design and heights, suitable alteration of metro pillar locations, etc., other than four of all these religious/sensitive structures have been saved. On the instruction of MA&UD Minister KT Rama Rao, further engineering refinement is being done to the metro alignment to save the remaining four religious structures also. To save the religious/sensitive structures, road widening will be restricted to 80 feet, he added.

Learning lessons from the Phase 1 project in the rest of the city, the road will be widened at the station locations to 120 feet. Preparation of individual sketches of the 1000-odd affected properties has started and land acquisition notices will be issued in about a month, said senior officer, HMRL.

## 9 child trafficking victims rescued; 4 traffickers detained

HYDERABAD: The Railway Protection Force (RPF), Secunderabad Division along with Bachpan Bachao Andolan, and several few voluntary organisations successfully rescued nine child trafficking victims and detained four traffickers.

According to officials, based on intelligence generated from continuous data analysis by the RPF's Cyber Cell, on Saturday, the RPF personnel escorted Secunderabad SF Express(Danapur-Secunderabad no-12792). The operation was successful and nine child victims were rescued along with 4 traffickers, who were coming from Bihar and Jharkhand. Later, the GRP, Kazipet registered a case for further legal action.

RPF Secunderabad has implemented several measures including the deployment of additional RPF personnel in railway stations, the installation of CCTV cameras and awareness campaigns to rescue victims and arrest traffickers. The RPF has also established a dedicated helpline (139) for the public to report suspected cases of trafficking.

## Nehru Zoo Park celebrates World Snake Day

HANS NEWS SERVICE
HYDERABAD

AS part of the World Snake Day celebrations, the Nehru Zoological Park in collaboration with the Friends of Snakes Society organised an awareness programme on snakes at the reptile house in the Zoo premises on Sunday.

Nehru Zoological Park, Curator, Prashant Bajirao Patil and Deputy Curator, A Nagamani said the Zoo has been celebrating all the ecological days to bring more awareness among the people and requested citizens to participate in the upcoming events. The society members along with Zoo staff explained to the visitors about the facts and types of snakes, identifying venomous and non-venomous snakes besides precautionary measures to be taken if a snake bits.




**PUBLIC NOTICE**

The general public is here by informing that, My clients **Sri Kastala Venkata Vijaya Babu, S/o. K.V. Purneswara Rao,** aged about 65 years, Occ: Private Employee, R/o.H.No.59A-8/1-5, Road No.1, Near Gurudwara Gurunanak Nagar, Sri Vasavi Nagar, Vijayawada, Polytechnic, Krishna, Andhra Pradesh-520008 has entered in to an Agreement of Sale with Smt. Meesala Kalyani, W/o. Meesala Uday Kumar, D/o. Mallela Narsing Rao, aged about 23 years, Occ: House Wife, R/o.H.No.4-1-216/324/2, Street No.9, Karthikeya Nagar, Nacharam, Uppal Mandal, Medchal-Malkajgiri District for purchase of all that the House bearing No.5-5/55/60, (PTI No.1000006928) on plot No.60, in Survey Nos.53 & 54, admeasuring 200) Sq. Yds., or 167.2 Sq.Mtrs., Known as "RAJALLINGAM RESIDENCY", Phase-1, Situated at Boduppal, Under Boduppal Municipal Corporation, Medipally Mandal, Medchal-Malkajgiri District, by Registration Sub- Registrar Office, Uppal and boundaries of the above said property i.e.,. East: Plot No.67, West: 30' Wide Road, North: 30 Wide Road & South: Plot No.61 Southern Part herein. That my clients have paid substantial amount to the vendor of the said property towards advance cum part of sale consideration amount.
As such if any person of persons having any sort of right, title claims, attachments of objections over the above said property, may, contact the undersigned within (5) days from the date of this publication along with the relevant documents, otherwise my client will proceed with registration formalities of the above said property thereafter any claims or objections will not be entertained in respect of the above said property at any cost.

**N. PRASANNA KUMAR**
**(Advocate)**
**H.No.2-3-35/4/A, HDFC Building,**
**Medchal-Malkajgiri Dist-500039.**
**Main Road Uppal, Cell: 8374389299, 6301142868**



**IN THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, BENGALURU**
No. 01, 4th Floor, Telephone House,
Raj Bhavan Road, Bangalore-560001

**O.A.No. 760/2021**
**BETWEEN:**
**Bank of Baroda**
**Banashankari Branch ...APPLICANT**
**AND**
**Mr. Udaya Shankar D. and Ors.**
**...DEFENDANTS**

**SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993, TO DEFENDANTS THROUGH PAPER PUBLICATION.**

To,
**3. Mr. Naresh Chand** S/o Late. Muralilal, R/at 5-191, Greater Kailash Part-1, New Delhi-110048
**4. Mr. Abdul Jameel** S/o Late Abdul Jaleel, R/at. No. 219, 3rd Cross, First Block, Koramangala, Bangalore-560034.
**6. M/s. Pruthvi Builders and Developers, Represented by its Managing Partner Mr. P.Shankar,** Having its Office at No. 29/2, Second Floor, Senaipillai Complex, Hulimavu Gate, Bannerghatta Road, Bangalore-560070.
**7. Mr. Photarmal Dinesh Kumar Jain,** S/o Shivaray, R/at. Flat No. 503, 5th Floor, Chikoti Garden, Begumpet, Secunderabad Hyderabad, Telangana-500016.
Whereas the applicant Bank has instituted an application under section 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Bankruptcy Act, 1993 against you for the recovery of sum of **Rs.41,30,306/-** (Rupees Forty One Lakhs Thirty Thousand Three Hundred Six Only) as on **31.03.2021** with current and future interest, cost and other reliefs. You hereby required to show-cause within 30 days from the date of publication of the Summons on or before **04.09.2023 at 10.30 A.M.** in the forenoon in person or by a Pleader / Advocate duly instructed as to why the relief prayed for should not be granted.
Take notice that in default of appearance, on the day mentioned hereinabove, the proceedings will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of this Hon'ble Tribunal on this **8th day of May 2023.**

**Sd/- Registrar**
**Debts Recovery Tribunal-II**
**Bangalore**


# Classical notes enthral audience at Saawan Aayo

**'Saawan Aayo' is an Indian classical music event organised by Kailas Sangeet Trust in association with the Department of Language and Culture, Telangana, and Ministry of Culture, Government of India**

AKHIL KUMAR
HYDERABAD

THE iconic Ravindra Bharati in the city hosted 'Saawan Aayo', an Indian classical music event organised by Kailas Sangeet Trust in association with the Department of Language and Culture, Telangana, and Ministry of Culture, Government of India on Sunday. The evening witnessed enthralling musical performances by well-known artists like Abhishek Mishra, Ragini Shankar, Ojas Adhiya, Anupama Bhagwat, Priyanka Dutta and others.

The programme was inaugurated by Dr Mammidi Harikrishna, Director, Department of Language and Culture, Telangana, Mohan Hemmadi, President of Surmandal; Anupama Bhagwat, co-founder and managing trustee of Kailas Sangeet Trust, Sangeeta Shankar and others, by the lighting of the lamp.

Gopalkrishna from Mahindra Finance, Sridhar from Life Insurance Corporation of India, Jayesh Ranjan, IAS, Principal IT Secretary of Telangana, among others felicitated the artistes with mementos.

The major performance by violinist Ragini Shankar, accompanied by table player Abhishek Mishra enthralled the audience. Ragini Shankar, born in a family with a musical lineage spanning seven generations, began her training in Hindustani Classical Violin at the tender age of four with her illustrious grandmother, Padma Bhushan Dr N Rajam, and her exemplary mother Dr Sangeeta Shankar.




The mesmerising duo brought forth a sense of tranquility and elegance, adding grace to the event. The festivities centered around monsoon ragas, commencing with the soulful rendition of Miya Ki Malhar raga, followed by a delightful array of other Malhar variations.

One of the foremost sitarists of the generation, Anupama Bhagwat, accompanied by another well-known table player Ojhas Adhiya was truly captivating. Anupama Bhagwat acquired the finesse of the Gayaki style while bringing out its lyrical beauty and subtly nuanced style modelled upon the human voice with the emotive cadences of sitar.

## Hyderabad Meteorological Center issues yellow alert for Telangana

HANS NEWS SERVICE
HYDERABAD

THE Hyderabad Meteorological Center has issued a yellow alert for Telangana, warning of light to heavy rains in the next four days.

From Sunday to Monday morning, there are chances of thunder and lightning in Adilabad, KumrambhimAsifabad, Mancherial, Nirmal, Nizamabad, Jagtial, RajannaSircilla, JayashankarBhupalpally, Mulugu, BhadradriKothagudem, Vikarabad, Sangareddy, Medak and Kamareddy districts.

From Monday to Tuesday morning, there are indications of heavy rains in the combined districts




of Adilabad, Nizamabad, Bhupalpally, Mulugu, Kothagudem, Vikarabad, Sangareddy and Kamareddy. There are also indications of rains with thunder and lightning in some other areas.

From Tuesday to Wednesday, there are chances of heavy rains in Adilabad, Warangal district as well as Nizamabad, RajannaSircilla, Karimnagar, Peddapalli, JayashankarBhupalpally, Sangareddy, Rangareddy, Hyderabad and Medchal-Malkajgiri districts.

From Wednesday to Thursday, JayashankarBhupalpally, Mulugu, BhadradriKothagudem, Rangareddy, Vikarabad, Sangareddy, Mahabubnagar, Wanaparthi and Narayanapet districts are likely to experience heavy rains. Meanwhile, light to moderate rains have fallen in many districts across Telangana till this morning. Kotapalli of Mancherial district received the highest rainfall of more than 9 cm. The Meteorological Center has advised people to be cautious and take necessary precautions during the rainy season.


**MACRO INTERNATIONAL LIMITED**
REGD OFFICE: 24/147, Ground Floor, Plaza Kalpana,
Birhana Road, Kanpur – 208001
Corp.Office: 304, 3rd Floor Babukhan Estate, Basheerbagh,
Hyderabad Telangana 500001. CIN: L74120UP1993PLC015605
Website: www.miel.co.in, email: meil100@rediffmail.com
Tel.: 6302730973, SCRIP CODE: 512600
EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023 (Rs. In Lakhs)

| S.No. | Particulars | | Quarter ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 30/06/2023 Unaudited | 31/03/2023 Audited | 30/06/2022 Unaudited | 31/03/2023 Audited |
| 1 | Revenue from operation | | 135.86 | 342.81 | 0.00 | 342.81 |
| 2 | Other Income | | 1.20 | 9.43 | 8.79 | 17.87 |
| 3 | EBT | | 1.28 | 11.17 | (1.46) | 3.21 |
| 4 | PAT | | 1.28 | 9.61 | (0.99) | 1.64 |
| 5 | EPS | 1. Basic: | 0.03 | 0.06 | (0.03) | 0.04 |
| | | 2. Diluted: | 0.03 | 0.06 | (0.03) | 0.04 |

Notes: The above is non statutory publication. The full format of the financial results is available on the website of the company at https://miel.co.in

For MACRO INTERNATIONAL LIMITED
Sd/-
SUDHEER KARNA KANKANALA
(Wholetime Director)
DIN: 07591466

Place: Hyderabad
Date: 15/07/2023


# *Desilt Kapra Lake immediately, urge social activists & locals*

- Social activists and locals conduct weekly clean-up drives to revive the lake
- The lake's area has drastically reduced, and groundwater levels have depleted
- Residents urge authorities including GHMC and Irrigation Department, to take action
- Lack of desilting, installation of septic tanks, and wetland conservation are pressing concerns

HANS NEWS SERVICE
HYDERABAD

ALIKE majority of the lakes in the city which have been buried under concrete structures or turned into toxic water bodies, the Kapra Lakehas also been turning turbid. As a result, to protect the lake from getting even more murky, a few social activists and locals take up the initiative to clean the lake every Sunday and urged the authorities to de-silt the lake at the earliest.


The lake which was originally spread over 113 acres has shrunk to only 30 acres due to encroachment. Despite last year's heavy downpour, 70 percent of the lake is dry and barren, leading to the depilation of groundwater levels around the lake. Bore wells will also soon go dry if the sewage inflow is not reconnected. However, on humanitarian grounds, few locals have taken up Sharamdaan programmes to clean the lake.



"Cleaning up the lake is not a permanent solution, but we started the Sharamdaan (cleanness drive) in April this year, every Sunday we organised this drive, we started the process of cleaning with 10 members and slowly the number has now gone up to 150. Everyone have voluntarily come forward to clean the lake to revive it. But this is not the solution, last year we had good rains, then also hardly there is water in the lake, where the water is going, why water is not been de-silted, there are many government bodies that including GHMC, Irrigation Department and few more) who are supposed to work together for saving the lake but no one is doing anything. Basically, we want to save the lake, we are doing it symbolically as we want state government attention," said Manognya Reddy, a resident of Sainikpuri.

"About 70 percent of the lake has dried up over the last several years. The lake requires urgent attention. GHMC should de-silt the lake and also install septic tanks, so that sewage water that is coming from the nearby colonies if the septic tank gets installed then the polluted water will get treated in the tank and will directly flow into the lake. The irrigation department had a plan to purify water and to develop a bird sanctuary, as part of wetland conservation but nothing has happened. Despite of the city receiving ample amount of rainfall last monsoon then also hardly the lake was filled," said Deepa Shailendra, another resident of Sainikpuri.

Kapra Lake at present has turned into a small pond, it is dying due to litigation by outlying colonies. The irrigation department had concrete plans for greywater conversion of sewage inflow by phytoremediation/ bioremediation methods. Why are they not being implemented? she added.



# बोम्मई ने लोकसभा चुनाव से पहले जद (एस) के साथ गठबंधन पर बातचीत के दिए संकेत

**हुबली, 16 जुलाई-(भाषा)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बसवराज बोम्मई ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जनता दल (सेक्युलर) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के संबंध में बातचीत का संकेत दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चर्चा के नतीजे भविष्य के राजनीतिक घटनाक्रम को निर्धारित करेंगे। जद (एस) के राजग में शामिल होने की संभावना पर एक सवाल के जवाब में बोम्मई ने कहा, यह हमारे नेतृत्व और जद (एस) अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा के बीच चर्चा पर निर्भर करता है।

उन्होंने यहाँ पत्रकारों से कहा कि जद (एस) नेता एच. डी. कुमार स्वामी ने कुछ भावनाएँ व्यक्त की हैं और उस दिशा में चर्चा जारी रहेगी। उन्होंने कहा, भविष्य का राजनीतिक घटनाक्रम उन चर्चाओं के नतीजों पर आधारित होगा।

हाल में, भाजपा और जद (एस) के नेताओं की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के बीच सहमति बनने के पर्याप्त संकेत मिले हैं। भाजपा के कद्दावर नेता बी. एस. येदियुरप्पा ने कहा था कि उनकी पार्टी और जद (एस) मिलकर राज्य में कांग्रेस सरकार से लड़ेंगे।

कुमार स्वामी ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी समझौते का फैसला समय पर लिया जाएगा। भाजपा ने कर्नाटक में 2019 के लोकसभा चुनावों में राज्य की कुल 28 सीट में से 25 सीट पर जीत दर्ज की, जबकि एक सीट पर उसके समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की। कांग्रेस और जद (एस) ने एक-एक सीट हासिल की।

कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर एक सवाल पर बोम्मई ने कहा, हाँ नियुक्ति नहीं हुई है...संभवत: यह 18 जुलाई के बाद हो सकती है। विधानमंडल सत्र शुरू होने के दो सप्ताह बाद भी राज्य में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अभी तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की है।

देरी के लिए पार्टी को राज्य में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस सहित विभिन्न वर्गों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री वी सोमन्ना के कांग्रेस में शामिल होने की खबवें के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ये महज अटकलें हैं।

# भारत है विश्व का उज्ज्वल स्थल : मोदी

**नई दिल्ली, 16 जुलाई-(भाषा)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कैपिटल ग्रुप की एक हालिया रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि भारत और अधिक विकास की प्रबल इच्छा के साथ एक वैश्विक चमकता सितारा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश धर्मनिरपेक्ष विकास की अवधि के लिए तैयार है, जो प्रत्यक्ष और अचल संपत्ति में महत्वपूर्ण विस्तार से प्रेरित है।

मोदी ने ट्विटर पर रिपोर्ट साझा करते हुए कहा, युवाओं और उद्यमियों को ये नौ बिंदु दिलचस्प लगेंगे। उन्होंने कहा, और हाँ, भारत और अधिक वृद्धि की प्रबल इच्छा के साथ एक वैश्विक चमकता सितारा है।

कैपिटल ग्रुप ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत इस दशक में उभरते बाजारों में आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश में पिछले 10 वर्षों में राजनीतिक स्थिरता रही है, जिससे आर्थिक विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैपिटल ग्रुप ने कहा, अगले साल होने वाले आम चुनावों से पहले राजनीतिक अस्थिरता और बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है, लेकिन हमारा मानना है कि भारत धर्मनिरपेक्ष वृद्धि की अवधि के लिए तैयार है, जो प्रत्यक्ष और अचल संपत्ति निवेश में उल्लेखनीय विस्तार से प्रेरित है।

रिपोर्ट में कई प्रमुख पहलुओं को सूचीबद्ध किया गया है, जो अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत को आकर्षक बनाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े धन प्रबंधकों में शुमार कैपिटल ग्रुप ने कहा कि इन पहलुओं में आधार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रम जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के तहत किए गए सुधार उपाय शामिल हैं। एक अन्य ट्वीट में मोदी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में दो पीएम-मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा कि ये पार्क महाराष्ट्र के अमरावती और गुजरात के नवसारी में स्थापित किए जाएँगे और इनसे उत्पादकता बढ़ेगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे।

# किसान महिलाओं के साथ सोनिया ने किया डांस

**नई दिल्ली, 16 जुलाई-(एजेंसियाँ)** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का किसान महिलाओं के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह किसान महिलाएँ सोनिया गांधी के न्यौते पर सोनिया और प्रियंका से मिलने हरियाणा से यहाँ पहुँची थीं। गौरतलब है कि राहुल गांधी आठ जुलाई को हरियाणा के सोनीपत स्थित मदीना गाँव में पहुँचे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ-साथ खेत में काम कर रही महिलाओं से भी मुलाकात की थी। तभी इन किसान महिलाओं ने दिल्ली और राहुल गांधी का घर देखने की इच्छा जताई थी। तब कांग्रेस नेता ने संसद से अयोग्य ठहराए जाने का हवाला देते हुए कहा था कि सरकार ने उनका घर छीन लिया है।

जानकारी के मुताबिक इसके बाद सोनिया गांधी ने इन किसान महिलाओं को न सिर्फ दिल्ली बुलाया, बल्कि उनके लिए ट्रांसपोर्ट को भी इंतजाम किया। कांग्रेस कार्यकर्ता रुचिरा त्रिवेदी ने रविवार को इसका वीडियो ट्विटर पर शेयर किया। इसमें किसान महिलों सोनिया गांधी के साथ मिलते हुए, उनके घर में खाना खाते हुए और उनके साथ डांस करती नजर आ रही हैं। इस दौरान महिलाओं ने प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की। वहीं, राहुल गांधी इस मौके पर नजर आ रहे हैं।

इससे पहले आज सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि किसान भारत की ताकत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की विभिन्न समस्याओं को सुलझाया जा सकता है, अगर हम किसानों की बात सुनने को तैयार हो जों। राहुल गांधी ने धान के खेत में ट्रैक्टर चलाते हुए, धान रोपते हुए और उसके बाद किसानों के साथ चारपाई पर बैठकर खाना खाते हुए अपना वीडियो शेयर किया था। वीडियो को शेयर करते हुए राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा था कि हरियाणा के सोनीपत में दो किसानों, संजय मलिक और तसबीर कुमार से मिला। दोनों बचपन के दोस्त हैं और कई साल से एक साथ खेती कर रहे हैं।

# अजित व राकांपा के अन्य मंत्री शरद पवार से मिले, पार्टी को एकजुट रखने का आग्रह

**मुंबई, 16 जुलाई-(भाषा)** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अपने खेमे के कुछ अन्य मंत्रियों के साथ रविवार को मुंबई में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की और उनसे पार्टी को एकजुट रखने का आग्रह किया। राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने यह जानकारी दी।

पटेल ने कहा कि राकांपा प्रमुख ने चुपचाप उनकी बात सुनी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अपने चाचा के खिलाफ बगावत करने और दो जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह और शरद पवार के बीच यह पहली अनिर्धारित बैठक थी।

अजित पवार ने राकांपा मंत्रियों- हसन मुशरिफ, छगन भुजबल, अदिति तटकरे और दिलीप वलसे पाटिल के साथ वाई बी चव्हाण सेंटर में शरद पवार से मुलाकात की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राकांपा के राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि शरद पवार उन सबके लिए एक आदर्श की तरह हैं और वे आशीर्वाद लेने के लिए उनसे मिले। अजित खेमे में शामिल पटेल ने कहा, हमने उनसे (शरद पवार से) राकांपा को एकजुट रखने का अनुरोध किया। हमने उनसे अगले कुछ दिनों में हमारे अनुरोध के बारे में सोचने और हमारा मार्गदर्शन करने के लिए भी कहा। उन्होंने चुपचाप हमारी बात सुनी, लेकिन कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के मंत्रियों ने शरद पवार से पहले से समय नहीं लिया था, लेकिन जब उन्हें पता चला कि वह (शरद) वहाँ मौजूद हैं, तो वे सीधे चव्हाण सेंटर आ गए। बैठक पर टिप्पणी करते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा, अजित पवार गुट अभी भी शरद पवार को अपना नेता मानता है। किसी वरिष्ठ नेता से मिलने में कुछ भी गलत नहीं है।

शरद पवार खेमे के सूत्रों ने बताया कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और राकांपा के मुख्य सचेतक (शरद पवार खेमा) जितेंद्र आव्हाड भी वाई बी चव्हाण सेंटर पहुँचे।

अजित पवार शुक्रवार को राकांपा अध्यक्ष की पत्नी प्रतिभा पवार से मिलने के लिए उनके आधिकारिक आवास सिल्वर ओक गए थे। प्रतिभा पवार की दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में हाथ से जुड़ी सर्जरी हुई है। उप-मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी चाची प्रतिभा के करीबी माने जाते हैं। साल 2019 में, विधानसभा चुनाव के बाद अजित और देवेंद्र फडणवीस ने अल्पकालिक सरकार बनाई थी। बताया जाता है कि इसके बाद प्रतिभा ने अजित को राकांपा में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अजित पवार समेत नौ विधायक दो जुलाई को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हुए थे।

# संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहने के आसार

**नई दिल्ली, 16 जुलाई-(भाषा)** संसद के 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। एक ओर जहाँ सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महँगाई और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की माँग सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने मानसून सत्र से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं के बीच आम सहमति बनाने के लिए 19 जुलाई को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। लोकसभा सचिवालय की बुलेटिन के अनुसार, संसद के मानसूत्र सत्र या 17वीं लोकसभा के 12वें सत्र के दौरान लिए जाने वाले सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 21 नये विधेयकों को पेश व पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 भी शामिल है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए पेश किया जाएगा। सरकारी सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सत्र में महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाने हैं, ऐसे में सभी दलों को सत्र चलाने में सहयोग करना चाहिए, क्योंकि सरकार नियम व प्रक्रिया के तहत किसी भी विषय पर चर्चा कराने से पीछे नहीं हट रही है।

# यूसीसी के मुद्दे पर अखिलेश से मिला मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ, 16 जुलाई-(भाषा)** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की कोशिशों का विरोध करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अगुवाई में बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी मुखिया से मुलाकात की और उन्हें यूसीसी लागू करने की सरकार की कथित कोशिश का विरोध करने के आग्रह संबंधी ज्ञापन सौंपा।

चौधरी के मुताबिक ज्ञापन में कहा गया है, हमारा देश एक बहुसांस्कृतिक देश है और संविधान ने भी धार्मिक आजादी और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षा दी है। मगर केन्द्र और राज्य सरकारें अक्सर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आजादी पर हमले करने और एक विशेष धर्म और संस्कृति को सभी लोगों पर थोपने की कोशिश करती रहती है।

चौधरी ने ज्ञापन के हवाले से बताया, उनका (सरकार का) एक स्पष्ट मकसद यह भी है कि अन्य धार्मिक इकाइयों का बहुसंख्यक संस्कृति में विलय कर लें। हालिया वर्षों में ऐसे कई कानून बनाए गए जिनसे संविधान में दिए गए मौलिक अधिकावें का हनन हो रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि केन्द्र सरकारें और खासतौर से वर्तमान सरकार बार-बार यूसीसी की बात करती है, यह बात न केवल बदनीयती पर आधारित है बल्कि देश के अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के मौलिक अधिकार के हनन की साजिश है। देश के किसी भी वर्ग पर उसकी मर्जी के बिना समान नागरिक संहिता लागू करना असल में उसकी पहचान को मिटाने का कुत्सित प्रयास है।

सपा प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल को अपने समर्थन का भरोसा दिलाया। उन्होंने आरोप लगाया,भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए धर्म और धार्मिक कार्य सिर्फ राजनीति का जरिया है, भाजपा आस्था और जनविश्वास के साथ खेलती है। समाजवादी पार्टी शुरू से ही लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है।

# चीतों की मौत के लिए रेडियो कॉलर को जिम्मेदार बताने वाली खबरें अटकलबाजी

**नई दिल्ली, 16 जुलाई-(भाषा)** पर्यावरण मंत्रालय ने रविवार को कहा कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 20 वयस्क चीतों में से पाँच की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई और रेडियो कॉलर जैसे कारकों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराने वाली खबरें बिना वैज्ञानिक प्रमाण के अटकलों एवं अफवाहों पर आधारित हैं। मंत्रालय ने एक बयान में यह भी कहा कि चीता परियोजना का सहयोग करने के लिए कई कदमों की योजना बनाई गई है, जिसमें बचाव, पुनर्वास, क्षमता निर्माण सुविधाओं के साथ चीता अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी शामिल है। बयान में कहा गया, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए गए 20 वयस्क चीतों में से पाँच वयस्क चीतों की मौत की सूचना मिली है। प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार सभी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई हैं। मीडिया में ऐसी खबरें आई हैं जिनमें चीतों की मौत के लिए रेडियो कॉलर आदि को जिम्मेदार ठहराया गया है। ऐसी खबरें किसी वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित नहीं, बल्कि अटकलों और अफवाहों पर आधारित हैं।

मंत्रालय ने कहा कि चीतों की मौत के कारणों की जाँच के लिए अंतरराष्ट्रीय चीता विशेषज्ञों और दक्षिण अफ्रीका तथा नामीबिया के पशु चिकित्सकों के साथ परामर्श किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि परियोजना के निगरानी प्रोटोकॉल, सुरक्षा उपाय, प्रबंधकीय सूचना, पशु चिकित्सा सुविधाएँ, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहलुओं की भी स्वतंत्र राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है।

मंत्रालय ने कहा कि केंद्र की चीता परियोजना संचालन समिति परियोजना की प्रगति की बारीकी से निगरानी कर रही है और इसके क्रियान्वयन पर संतुष्टि व्यक्त की है। इसने कहा कि सरकार ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एक समर्पित टीम तैनात की है।

दक्षिण अफ्रीका से लाए गए नर चीता सूरज की शुक्रवार को श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य नर चीता तेजस की मंगलवार को मौत हो गई।

चीता परियोजना के कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि हाल की कुछ मौतें संभवत: रेडियो कॉलर के कारण होने वाले संक्रमण के कारण हो सकती हैं, हालाँकि यह बेहद असामान्य है और भारत में दो दशकों से अधिक समय से वन्यजीव संरक्षण में कॉलर का उपयोग किया जा रहा है। हालाँकि, अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि केवल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ही सटीक कारण निर्धारित करेगी। चीता परियोजना संचालन समिति के प्रमुख राजेश गोपाल ने कहा कि चीतों की मौत का कारण रेडियो कॉलर के इस्तेमाल से सेप्टीसीमिया हो सकता है।

# जिलाधिकारी के मस्जिद में प्रवेश पर रोक के खिलाफ याचिका

**औरंगाबाद, 16 जुलाई-(भाषा)** महाराष्ट्र के जलगाँव जिले में मस्जिद का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट ने एक शिकायत के बाद परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने संबंधी जिलाधिकारी के आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ का रुख किया है। शिकायत में दावा किया गया है कि ढाँचा मंदिर जैसा प्रतीत होता है। ट्रस्ट के वकील एस एस काजी ने बताया कि याचिका पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी।

जुम्मा मस्जिद ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफ खान द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया है कि जिलाधिकारी ने 11 जुलाई 2023 को मनमाना और अवैध आदेश पारित किया, जिसके तहत उन्हें मस्जिद की चाबियाँ एरंडोल नगरपालिका परिषद के मुख्य अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया गया।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## केदारनाथ मंदिर...

बोर्ड में मंदिर और मंदिर परिसर में मर्यादित वस्त्र ही धारण करने को कहा गया है, जबकि एक अन्य बोर्ड में कहा गया है कि मंदिर प्रांगण में तंबू या शिविर स्थापित करना दंडनीय अपराध है।

हिंदी और अंग्रेजी में लिखे इन बोर्ड में साफ तौर पर कहा गया है कि ऐसा करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हाल में गढ़वाल हिमालय में स्थित केदारनाथ मंदिर में बनाए गए ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए, जिन्हें लेकर तीर्थ पुरोहितों से लेकर आम श्रद्धालुओं और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने भी आपत्ति प्रकट की थी और धार्मिक स्थानों पर ऐसे कृत्यों को गलत ठहराया था।

एक वीडियो में जहाँ मंदिर परिसर में अपने पुरुष मित्र को नाटकीय अंदाज में घुटनों के बल बैठकर प्रपोज करती एक व्लॉगर दिखाई दी थी, वहीं एक अन्य वीडियो में मंदिर के गर्भगृह में एक महिला नोट उड़ाती दिखाई दी थी। इसके अलावा भी, कई लोगों को केदारनाथ मंदिर में रील बनाते देखा गया था।

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि धार्मिक स्थल की एक गरिमा, मान्यताएँ और परंपराएँ होती हैं और श्रद्धालुओं को उसके अनुरूप ही आचरण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हालाँकि बदरीनाथ धाम में ऐसी कोई शिकायतें अभी नहीं आई हैं, लेकिन जल्द ही वहाँ भी ऐसे बोर्ड लगाए जाएँगे।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## नहीं बढ़ेगी ...

कर रहा है। उन्होंने साथ ही आयकरदाताओं से जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करने को कहा। मल्होत्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, हमें उम्मीद है कि इस साल पिछले वर्ष से ज्यादा रिटर्न दाखिल होंगे... हमें उम्मीद है कि यह पिछले साल से ज्यादा होना चाहिए। पिछले साल 31 जुलाई तक लगभग 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो आकलन वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न दाखिल करने का आखिरी दिन था।

उन्होंने कहा, हम आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों को धन्यवाद देना चाहते हैं, क्योंकि आईटीआर दाखिल करने की गति पिछले साल की तुलना में बहुत तेज है और हम उन्हें सलाह देंगे कि वे आखिरी क्षण तक इंतजार न करें और समयसीमा में किसी भी विस्तार की उम्मीद न करें।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## महा ...

वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में विभाजन और पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में व्यापक पैमाने पर हुई हिंसा के बीच हो रही है, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। बंगाल में हुई चुनावी हिंसा को लेकर कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई और वाम दलों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की है। सूत्रों ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा की नीतियों के खिलाफ देश भर में एक संयुक्त आंदोलन की योजना बनाएँगे। उन्होंने कहा कि खासकर महाराष्ट्र में राकांपा के विभाजन के बाद रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

सूत्रों ने कहा कि विपक्षी नेता भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता को मजबूत करने के कदमों की घोषणा करेंगे और विपक्षी सरकारों को गिराने और राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों पर नियंत्रण करने के भाजपा के प्रयासों को उजागर करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, यह एक निर्णायक बैठक होगी। कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा कि दो दिवसीय सत्र भाजपा को हराने के लिए विपक्ष के संयुक्त संकल्प को दर्शाएगा।

राजा ने पीटीआई-भाषा से कहा, बेंगलुरु बैठक भाजपा को हराने और देश एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक पार्टियों को एकजुट करने की दिशा में एक और कदम होगी। इस बार बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के भी शामिल होने की संभावना है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार, टीएमसी प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जद (यू) नेता नीतीश कुमार, द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठक में शामिल हो सकते हैं। दो दिवसीय सत्र की शुरुआत कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा आयोजित रात्रिभोज के साथ होगी और मंगलवार को एक और औपचारिक बैठक होगी।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## अध्यादेश पर ...

दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस का स्पष्ट विरोध एक सकारात्मक घटनाक्रम है।

आप के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता राघव चड्ढा ने ट्वीट किया, कांग्रेस ने दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित अध्यादेश का स्पष्ट विरोध करने की घोषणा की है। यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है।

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस संसद में आने वाले महत्वपूर्ण मामलों पर फैसला लेने के लिए सत्र से पहले आम तौर पर संसद की अपनी रणनीति समिति की बैठक बुलाती है। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश का समर्थन करेगी या विरोध, इस पर वेणुगोपाल ने कहा,कल, हमने बैठक की थी और हमने पहले ही फैसला ले लिया है।

उन्होंने कहा,न केवल दिल्ली अध्यादेश, बल्कि देश की संघीय व्यवस्था को नष्ट करने वाला और राज्यपाल का इस्तेमाल कर राज्य के मामलों में दखल देने के किसी भी प्रयास का हम समर्थन नहीं करेंगे। इसी तरह, दिल्ली अध्यादेश का भी हम समर्थन नहीं कर रहे हैं। यह बहुत स्पष्ट है। कांग्रेस के दिल्ली अध्यादेश मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने के साथ ही वेणुगोपाल ने उम्मीद जतायी कि आप अब बेंगलुरु में विपक्ष की आगामी बैठक में भाग लेगी।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## नापाक ...

ध्वस्त कर दिया गया, क्योंकि इसे अधिकारियों द्वारा खतरनाक संरचना घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर कराची के मद्रासी हिंदू समुदाय द्वारा संचालित था और वे लोग इस बात से सहमत थे कि संरचना बहुत पुरानी और खतरनाक थी। अधिकारी ने कहा कि मंदिर प्रबंधन ने भारी मन से देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को एक छोटे कमरे में स्थानांतरित कर दिया। हिंदू समुदाय के स्थानीय नेता रमेश ने कहा कि मंदिर प्रबंधन पिछले कुछ समय से परिसर खाली करने के दबाव में था, क्योंकि मंदिर के जमीन को जाली दस्तावेजों के आधार पर एक डेवलपर को बेच दिया गया था।

डेवलपर मंदिर की जमीन पर एक व्यावसायिक इमारत बनाना चाहता है। हिंदू समुदाय ने पाकिस्तान-हिंदू परिषद, सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह और सिंध पुलिस के महानिरीक्षक से तत्काल मामले का संज्ञान लेने की अपील की है। पाकिस्तान की अधिकांश हिंदू आबादी सिंध प्रात में बसी है। यहाँ हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## फिर राजग में ...

स्वागत करता हूँ। इसके साथ ही शाह ने इस मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राजभर के आने से उत्तर-प्रदेश में राजग मजबूत होगा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गठबंधन द्वारा गरीबों व वंचितों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को और बल मिलेगा।

राजभर ने एक ट्वीट में कहा,भाजपा और सुभासपा साथ आए। सामाजिक न्याय, देश की रक्षा-सुरक्षा, सुशासन और वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं, किसानों, नौजवानों तथा हर कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मिलकर लड़ेंगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में शाह से भेंट हुई और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले राजग में शामिल होने का निर्णय लिया।

राजभर ने राजग में शामिल होने के बाद दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) का किसी के साथ गठबंधन टिक नहीं सकता है और अभी बहुत से लोग सपा छोड़कर राजग में शामिल होंगे।

लखनऊ में जारी एक बयान में सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा का किसी से गठबंधन टिक ही नहीं सकता है। कांग्रेस और बसपा के साथ ही सुभासपा के साथ हुए सपा के पूर्व गठबंधन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की स्थिति नवासा (ससुराल की संपत्ति) पाने वाले व्यक्ति जैसी हो गई है, जो चाहता है कि गाँव में सब कुछ उसी के पास रहे।

भाजपा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, विपक्ष में अहम (अहंकार) है, सभी खुद को बड़ा मानते हैं। इन दलों को भाजपा से सीखना चाहिए कि कैसे छोटे-छोटे दलों को जोड़कर सत्ता हासिल की जाती है।

सुभासपा प्रमुख ने कहा कि 18 जुलाई को दिल्ली में राजग की बैठक में तय होगा कि रैलियाँ कैसे होंगी और सीट का बंटवारा कैसे होगा। राजभर ने उत्तर-प्रदेश का पिछला विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन में लड़ा था, लेकिन उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिलने के बाद वह सपा से अलग हो गए थे। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था। राजभर की पार्टी ने वर्ष 2017 का उत्तर-प्रदेश विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ा था। सरकार बनने पर राजभर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने गठबंधन से नाता तोड़ लिया था।ओम प्रकाश राजभर का विशेष रूप से राजभर समुदाय के बीच प्रभाव है। पूर्वी उत्तर-प्रदेश में इस समुदाय की अच्छी खासी तादाद है। खासतौर से गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी, देवरिया, संत कबीर नगर, कुशीनगर, गोरखपुर, बस्ती और बहराइच समेत कई जिलों में राजभर मतदाताओं का प्रभाव माना जाता है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## देवालय पर...

की, जिसके बाद काशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) इरफान सैम्मो के नेतृत्व में एक पुलिस दल घटनास्थल पर पहुँचा। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर पर रॉकेट दागे जो हमले के दौरान बंद था। उन्होंने कहा कि मंदिर बागड़ी समुदाय द्वारा आयोजित धार्मिक सेवा के लिए हर साल खुलता है। सैम्मो ने कहा, हमला रविवार तड़के हुआ। जब पुलिस दल मौके पर पहुँचा तो उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी की और भाग गए। हम इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। पुलिस अधिकारी का अनुमान है कि हमले में आठ या नौ बंदूकधारी शामिल थे। बागड़ी समुदाय के सदस्य डॉ. सुरेश ने कहा कि डकैतों द्वारा दागे गए रॉकेट में विस्फोट नहीं हुआ, जिससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस से समुदाय की सुरक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस घटना से निवासी दहशत में हैं। एसएसपी सैम्मो ने हिंदू समुदाय के सदस्यों को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिया। काशमोर क्षेत्र में बड़ी संख्या में हिंदू आबादी है। यह हमला ऐसे समय किया गया है जब डकैतों ने कुछ दिन पहले काशमोर और घोटकी नदी क्षेत्रों में सीमा हैदर जखरानी की पबजी प्रेम कहानी के प्रतिशोध में हिंदू उपासना स्थलों और समुदाय के सदस्यों पर हमला करने की धमकी दी थी। पाकिस्तान की रहने वाली सीमा हैदर चार बच्चों की मां है और वह एक हिंदू व्यक्ति के साथ रहने के लिए अपना देश छोड़कर भारत आ गयी है। सीमा की 2019 में आनलाइन गेम पबजी खेलते समय उक्त व्यक्ति के साथ दोस्ती और प्यार हो गया था।

उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुसार, 30 वर्षीय सीमा और 22 वर्षीय सचिन मीना दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा इलाके में रहते हैं। सचिन वहाँ किराने की एक दुकान चलाता है। सीमा को अपने चार बच्चों के साथ बिना वीजा के नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में 4 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था, वहीं सचिन को अवैध प्रवासियों को शरण देने के लिए गिरफ्तार किया गया था। वे हाल ही में जेल से रिहा हुए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने कहा है कि वह सिंध के काशमोर और घोटकी जिलों में बिगड़ती कानून व्यवस्था की खबरों से चिंतित है, जहाँ महिलाओं और बच्चों सहित हिंदू समुदाय के लगभग 30 सदस्यों को संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा कथित तौर पर बंधक बना लिया गया था। डॉन समाचारपत्र ने आयोग के हवाले से कहा, इसके अलावा, हमें परेशान करने वाली खबरें मिली हैं कि इन गिरोहों ने उच्च श्रेणी के हथियारों का इस्तेमाल करते हुए समुदाय के उपासना स्थलों पर हमला करने की धमकी दी है।

# ट्रक ने शव ले जा रही एंबुलेंस को मारी टक्कर, 3 लोगों की मौत

**कोंडागाँव, 16 जुलाई-(भाषा)** छत्तीसगढ़ के कोंडागाँव जिले में एक ट्रक ने शव ले जा रही एक एंबुलेंस को सामने से टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को मकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडागाँव-जगदलपुर मार्ग पर बड़गाँव गाँव के पास घटना उस वक्त हुई, जब एक ही परिवार के तीन लोग एंबुलेंस से एक शिशु के शव को लेकर घर जा रहे थे। हादसे में एंबुलेंस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

एक अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और मां बस्तर जिले के डिमरापाल स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज से दंपति के एक महीने के बच्चे का शव लेकर घर लौट रहे थे क्योंकि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। लेकिन विपरीत दिशा से आ रहे तेज गति वाले ट्रक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि हादसे में परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एंबुलेंस चालक को गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुँची और घायल चालक (30) को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तीन लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान जिले के सोदमा गाँव निवासी रामेश्वर नाग (35), उनकी पत्नी अनीता (30) और माँ सोनबती (60) के रूप में हुई है।

MACRO INTERNATIONAL LIMITED
REGD OFFICE: 24/147, Ground Floor, Plaza Kalpana, Birhana Road, Kanpur – 208001
Corp.Office: 304, 3rd Floor Babukhan Estate, Basheerbagh, Hyderabad Telangana 500001. CIN: L74120UP1993PLC015605
Website: www.miel.co.in, email: meil100@rediffmail.com
Tel.: 6302730973, SCRIP CODE: 512600
EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023 (Rs. In Lakhs)

| S.No. | Particulars | | Quarter ended 30/06/2023 Unaudited | 31/03/2023 Audited | 30/06/2022 Unaudited | Year Ended 31/03/2023 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue from operation | | 135.86 | 342.81 | 0.00 | 342.81 |
| 2 | Other Income | | 1.20 | 9.43 | 8.79 | 17.87 |
| 3 | EBT | | 1.28 | 11.17 | (1.46) | 3.21 |
| 4 | PAT | | 1.28 | 9.61 | (0.99) | 1.64 |
| 5 | EPS | 1. Basic: | 0.03 | 0.06 | (0.03) | 0.04 |
| | | 2. Diluted: | 0.03 | 0.06 | (0.03) | 0.04 |

Notes: The above is non statutory publication. The full format of the financial results is available on the website of the company at https://miel.co.in
For MACRO INTERNATIONAL LIMITED
Sd/-
SUDHEER KARNA KANKANALA
(Wholetime Director)
DIN: 07591466
Place: Hyderabad
Date: 15/07/2023

सवारी डिब्बा कारखाना
चेन्नै - 600038.
Azadi Ka Amrit Mahotsav
निम्नलिखित ई–निविदाएँ आई.आर.आई.पी.एस. वेबसाइट में प्रकाशित हैं। इच्छुक फर्मों से निवेदन है कि वे www.ireps.gov.in में लागइन कर इनके लिए कोटेशन जमा करें। मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

| खुली निविदा सं. | मद का संक्षिप्त विवरण | निविदा का मूल्य | निविदा खोलने की तारीख / समय | बंद होने की तारीख / समय |
|---|---|---|---|---|
| 2023499211129 | आईसीएफ में अग्निशमन (फॉयर फाइटिंग) के लिए दो साल का ठेका | ₹ 2,47,26,928/- | 09.08.2023 14.45 बजे | 09.08.2023 15.00 बजे |

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर / फर
G20
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
प्रेस अधिसूचना
पीयूबी/0779
दि. 07-07-2023 को 11.30 बजे गुंटूर डिवीजन के गुंटूर-पगिड़िपल्ली के बोम्मईपल्ली एवं पगिड़िपल्ली स्टेशनों के मध्य, ट्रेन नं. 12703 हावड़ा - सिकन्दराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस में अग्नि दुर्घटना की **उच्च स्तरीय जाँच** प्रगति के अन्तर्गत है।
घटना के दिन ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों से निवदेन है कि वे 17-07-2023 से 21-07-2023 (सुबह 09.30 बजे से सायं 06.00 बजे के बीच) तक पीसीएसओ ऑफिस, द्वितीय मंजिल, रेल निलयम, सिकन्दराबाद में जाँच में या तो उपस्थित रहें या यदि कुछ जानकारी उनके पास उपलब्ध है तो उसे वे ई-मेल (csoscr@ymail.com)/वॉट्सऐप (9701370736/9701370745) द्वारा भेजें।
प्रमाणिक जानकारी देने पर उचित पुरस्कृत किया जाएगा।
A1090
सीपीआरओ, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा जारी